हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 जून 2026

06 आंधी-तूफान से बागली सहित जिले भर में मची...


07 जिले की हाई स्कूल इंटर टॉपर मेधावियों छात्र...




### बगलामुखी मंदिर क्षेत्र में प्रसादी की गुमटियां हुईं धराशायी

# शहर में तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम वर्षा

## सड़कों पर बह निकला बारिश का पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादलों की लुकाछिपी का खेल चल रहा था। दोपहर 3:00 बजे अचानक तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश प्रारंभ हो गई जिससे सड़कों पर पानी बह निकला मानसून पूर्व की बारिश से नागरिकों को गर्मी से राहत मिली है। सोमवार को सुबह से आसमान में बादल छाए हुवे थे, जिससे सूरज की लुकाछिपी चल रही थी। दोपहर 3 बजे तेज हवा आंधी के साथ मानसून पूर्व की जोरदार वर्षा प्रारम्भ हुई। हवा के साथ वर्षा भी इतनी तेज थी कि नागरिकों को कुछ समझ में नही आ रहा था। देखते ही देखते सड़को पर पानी बह निकला। इस आधा घन्टे की तेज हवा व झमाझम वर्षा ने जनजीवन भी अस्त व्यस्त कर दिया। जो जहां था वहीं रुकने को मजबूर हो गया। तेज वर्षा का यह दौर लगभग आधा घन्टे चला, उसके बाद बूंदा बांदी होती रही। सोमवार को हुई इस वर्षा के बाद नागरिकों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली और तापमान कम हो गया।





### स्वच्छता की खुली पोल

मानसून पूर्व की बारिश ने नगर की स्वच्छता की भी पोल खोल कर रख दी। नगर के शिवाजी मार्ग सहित अन्य स्थानों पर नालियों की समुचित सफाई नही होने से वर्षा के दौरान नालियों का पानी सड़क पर बह रहा था, इसके साथ ही नालियों की गंदगी भी सड़क पर आ गई थी।

### पेड़ हुए धराशायी, दुकानदारों को भी हुआ नुकसान

नगर सहित क्षेत्र में चली तेज हवाओं से कई पेड़ो के धराशाही होने के समाचार मिले है। साथ ही कई दुकानदारों के साइनबोर्ड उड़ गए तो कई के द्वारा गर्मी से बचने के लिए बांधी गई मैटी उड़ गई। माँ बगलामुखी मंदिर पर हार फूल प्रसादी विक्रेताओं को तेज हवाओं से भारी नुकसान पहुंचा है। कई गुमटियां तो तेज आंधी में धराशाही हो गई तो लगभग सभी गुमटियों की सामग्री इधर उधर बिखर कर अस्त व्यस्त हो गई। जिसके कारण लगभग सभी दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। सभी दुकानदारों द्वारा छांव के लिए लगाई गई मैटी उड़ गई। मां बगलामुखी मंदिर पर पार्किंग में खड़े चौपहिया वाहनों में से कई वाहन वर्षा थमने के बाद कीचड़ में फंस गए। जिन्हें भारी मशक्कत व नागरिकों की सहायता से निकाला गया।

### विद्युत प्रदाय भी हुआ बाधित

तेज हवा के चलते नगर में कई स्थानों पर फाल्ट होने, तार टूटने अथवा केबल टूटने से सायं लगभग 5 बजे तक विद्युत प्रदाय भी बाधित रहा।

### मानसून पूर्व की वर्षा, खेत तैयार करने में किसानों को फायदा

मानसून पूर्व की इस वर्षा से किसानों को खरीफ फसल की बोवनी करने के लिए अपने खेत तैयार करने में फायदा मिलेगा। अधिकांश किसानों द्वारा खेतो को बिखेर दिया गया है, इस वर्षा से खेत मे पड़े मिट्टी के बड़े बड़े ढेले फूट जाएंगे वही उगारा भी उग सकता है जिसे किसान बोवनी के पूर्व खत्म कर देंगे जिससे खेत मे खरपतवार भी कम उगेंगे।

# शादी का झांसा देकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

### नाबालिग को भी किया दस्तयाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अपहर्ता को इंदौर से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है, वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 14 मई 2026 को फरियादी ने अपनी नाबालिग बेटी के बिना बताए घर से चले जाने की सूचना दी थी। इस पर थाना भैरूंदा में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### साइबर सेल की मदद से मिला सुराग

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में एसडीओपी रोशन कुमार जैन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी द्वारा विशेष टीम गठित की गई। सायबर सेल की मदद से टीम ने लगातार संभावित ठिकानों पर तलाश की। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि नाबालिग और आरोपी इंदौर के देवनगर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास हैं। इस पर टीम ने 30 मई को दबिश देकर नाबालिग को आरोपी के कब्जे से बरामद कर लिया।

### शादी का झांसा देकर बनाया शिकार

पुलिस पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी नरवत उईके (26), निवासी ग्राम हबीबनगर, उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था, और इंदौर में किराये के मकान में रखकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयान के आधार पर प्रकरण में धारा 87, 64(2)(एम) बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गई हैं। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक सुंदरलाल सरयाम, आरक्षक प्रकाश नर्रे, महिला आरक्षक प्रीति काजले एवं सायबर सेल सीहोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महिला समूहों ने दिखाई क्षमता, 50 दिनों में खरीदे 5 लाख क्विंटल गेहूं

### जिले के 13 उपार्जन केंद्रों का संचालन महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



आगर-मालवा जिले की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता और सामूहिक शक्ति का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले के 13 उपार्जन केंद्रों का संचालन महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपा गया था, जहां उन्होंने 50 दिनों की गेहूं उपार्जन अवधि में 7,712 किसानों से 5,27,900 क्विंटल गेहूं की सफल खरीदी कर नई मिसाल कायम की। 10 अप्रैल से 28 मई तक चली खरीदी प्रक्रिया में महिला समूहों ने पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य किया। पहले जहां ग्रामीण महिलाएं केवल घरेलू कार्यों तक सीमित मानी जाती थीं, वहीं अब वे बड़े स्तर पर प्रशासनिक और आर्थिक गतिविधियों का सफल संचालन कर रही हैं। जिला प्रशासन की इस पहल ने महिलाओं को अतिरिक्त आय के अवसर प्रदान किए हैं। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि समाज में उनकी पहचान और सम्मान भी बढ़ा है। उपार्जन केंद्रों के संचालन से महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार हुआ है और वे भविष्य में भी ऐसे दायित्व निभाने के लिए प्रेरित हुई हैं। कलेक्टर प्रीति यादव एवं सीईओ जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी के मार्गदर्शन में संचालित इस पहल ने महिला सशक्तिकरण को नई दिशा दी है। आजीविका मिशन एवं जिला प्रशासन के सहयोग से महिला समूहों ने यह साबित कर दिया है कि अवसर मिलने पर वे किसी भी जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभा सकती हैं। यह सफलता केवल गेहूं खरीदी की नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आर्थिक सशक्तिकरण की भी कहानी है।

### जून में पूरे जिले में गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान देने के लिए किया जाएगा आह्वान

**सीहोर।** गौ प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद को लेकर रविवार को सीहोर से बड़ी संख्या में अनेक युवा और नागरिकों ने कोलीपुर सिद्धपीठ नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के संत माधवदास महाराज के नेतृत्व में पहुंचकर केन्द्र और प्रदेश सरकार से गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान देने के लिए ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में भगवती गौ माता के अनुराग भार्गव सहित अन्य मौजूद थे। संत माधवदास महाराज ने कहाकि भारत में गाय को 'राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। देश भर के साधु-संतों और विभिन्न संगठनों द्वारा गौ सम्मान अभियान के तहत ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। आगामी दिनों में पूरे जिले में गौ माता के सम्मान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

### आज से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**नलखेड़ा।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर सहित तहसील क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के माध्यम से धर्म की बयार बह रही है। इसी कड़ी में बड़ागांव में आज से संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा का वाचन मथुरा के पंडित यादराम शास्त्री के मुखारविंद से होगा। बड़ागांव में श्री राधाकृष्ण मंदिर समिति बड़ागाँव द्वारा श्री वल्लभ सेवा सदन में आज मंगलवार से 8 जून तक संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक होगी। 08 जून को कथा की पूर्णाहुति पर महाप्रसादी का भी आयोजन होगा।

### युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एक ही मंच पर जुटेंगी प्रतिष्ठित कंपनियां

# 5 जून को आयोजित होगा युवा संगम रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) नलखेड़ा एवं शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला) का आयोजन 05 जून को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में किया जाएगा। मेले का उद्देश्य जिले के युवाओं को रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, अप्रेन्टिसशिप तथा स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। इस आयोजन में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी एवं सार्वजनिक संस्थान भाग लेकर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगे।

रोजगार मेले में टीएसपीएल पुणे, एडब्ल्युपीएल सेल्स एंड मार्केटिंग नई दिल्ली, प्रमोक्ष आउटसोर्सिंग सर्विसेज प्रा.लि. राजकोट, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस आगर-मालवा, बीओआई आरसेटी आगर, स्माइल फाउंडेशन नई दिल्ली, एलआईसी आगर-मालवा, मदरसन प्रा.लि. गुजरात, कृष्णा दर्पण एग्रो प्रा.लि. इंदौर, सीआईआई एमसीसी (टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स) पुणे तथा वीजेए एग्रो प्रा.लि. भोपाल सहित अनेक संस्थान सहभागिता करेंगे।

मेले में फील्ड ऑफिसर, ब्रांच मैनेजर, बीमा अभिकर्ता, प्लम्बर, सिक्योरिटी गार्ड, टेलीकॉलर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर, फार्मा सेल्स एग्जीक्यूटिव, मोबिलाइजर, मार्केटिंग कर्मी एवं विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा पात्र युवाओं को ऋण एवं अन्य सहायता संबंधी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना चाहिए। जिला रोजगार कार्यालय ने जिले के ऐसे युवाओं से अपील की है जो रोजगार, स्वरोजगार अथवा प्रशिक्षण के अवसरों की तलाश कर रहे हैं, वे अपने आवश्यक दस्तावेजों सहित रोजगार मेले में उपस्थित होकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं तथा अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं।

### पेड़ के नीचे दबने से नाबालिक की मौत

**नलखेड़ा।** सोमवार को नगर में तेज हवाओं व आंधी तूफान के साथ हुई बारिश में कई स्थानों पर पेड़ धराशाहीं हो गए। तेज बारिश के दौरान एक पेड़ की डगाल टूटने से उसके नीचे दब जाने से 14 वर्षीय नाबालिक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। नगर में अपने रिश्तेदार के यहां पर आए सुशील पिता बनेसिंह मालवीय उम्र 14 वर्ष निवासी हरण गाव जोकि रिश्तेदार के साथ जंगल में खेत पर गया हुआ था। इस दौरान तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से वहां एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। लेकिन तेज हवाओं से पेड़ की डगाल टूट कर उसके सिर पर गिर गई। जिसके नीचे दब जाने से उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### 4 लाख 39 हजार 610 मकानों की गणना पूरी

**सीहोर।** सीहोर जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 30 मई 2026 को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। यह कार्य 1 मई से प्रारंभ हुआ था, जिसके तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकानों तथा परिवारों से संबंधित जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से एकत्रित की गई।

### कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

# किसानों को समय पर मिले खाद, पर्याप्त भंडारण रखें: कलेक्टर

## स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों परिसर से हटवाएं मधुमक्खियों के छत्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





खरीफ सीजन को देखते हुए जिले के किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने दिए हैं। सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की मांग एवं आवश्यकता के अनुसार खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए तथा गुणवत्तायुक्त कृषि आदानों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सभी सहकारी समितियों के सदस्यों को ई-टोकन जनरेट कर खाद प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मैदानी स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को जागरूक किया जाए तथा ई-टोकन से खाद प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर कृषि एवं सहकारिता विभाग का अमला तत्परता से उसका समाधान सुनिश्चित करे। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल परिसरों में लगे मधुमक्खियों के छत्तों को सुरक्षित रूप से हटाने की कार्यवाही शीघ्र कराने के निर्देश वन विभाग को दिए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। स्थानांतरण के संबंध में भी कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग प्रमुख स्थानांतरण नीति का भली-भांति अध्ययन कर प्राप्त होने वाले स्थानांतरण प्रकरणों में नियमानुसार समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें तथा प्रकरण अग्रेषित करें, जिससे स्थानांतरण प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

### जनगणना कार्य की सराहना

कलेक्टर ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकानों के सूचीकरण एवं गणना कार्य की समीक्षा करते हुए जिले में किए गए बेहतर कार्य के लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशंसा की। साथ ही शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। शिकायतों के निराकरण में ह्यडीह्य ग्रेड प्राप्त करने वाले आयुष, शिक्षा एवं खनिज विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के प्रति उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा आगामी समीक्षा तक ह्यएह्य ग्रेड प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न किया जाए और शिकायतें नॉन अटेंड अगले स्तर पर न जाएं। शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्धारित अवधि में प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही राजस्व मदों में वसूली लक्ष्य की पूर्ति हेतु शिविर आयोजित कर वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

### योजनाओं एवं अभियानों की समीक्षा

बैठक में समग्र ई-केवाईसी, आधार संबंधी शिकायतों, आईगोट पंजीयन, सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित टीएल प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में कर पोर्टल पर जवाब दर्ज करना सुनिश्चित करें। साथ ही कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कर्मचारियों के डीपीएफ की जानकारी सभी विभाग प्रमुख 25 जून से पहले कोषालय में देवे। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, सीईओ जिला पंचायत बीएस सोलंकी, एसडीएम आगर मिलिन्द ढ़ोके, एसडीएम सुसनेर किरण बरबड़े, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, प्रेमनारायण परमार, कमल मंडलोई सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने किया पीडब्ल्यूडी का घेराव



**देवास।** लोक निर्माण विभाग द्वारा उज्जैन रोड़ चौड़ीकरण का काम बहुत धीमी गति से किया जा रहा हैं,जिससे हजारों नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शीघ्र रोड़ निर्माण की मांग को लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने लोक निर्माण विभाग के कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन दिया। कांग्रेस प्रवक्ता हारिस गजधर ने बताया कि कांग्रेस द्वारा ज्ञापन के जरिए मांग की गई कि उज्जैन रोड़ चोड़ीकरण का कार्य बारिश के पूर्व शीघ्र पूरा किया जाए एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित की जाए कि वह निर्माण युद्ध स्तर पर शुरू करें। अगर बारिश के पूर्व रोड़ नहीं बना तो परेशानी और ज्यादा बढ़ जाएगी। ज्ञापन देने के दौरान एसडीओ के देर से पहुंचने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी ने नाराजी व्यक्त करते हुए कहा कि जब हमने पूर्व में सूचना दे दी थी कि हम ज्ञापन देने आएंगे, तो फिर आखिर क्यों आप समय पर मौके पर उपस्थित नहीं रहें। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, मनीष चौधरी,प्रदीप चौधरी, रोशन रायकवार ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान कांग्रेस नेता गुरूचरण सिंह सलूजा,नज़र शेख़, जाहिद पठान, सुजीत सांगते ज्ञान सिंह दरबार विक्रम मुकाती,सुधीर शर्मा, उमेश झंवर, राजेश राठौर,रूपेश कल्याणे, दिलीप परमार,मनोज हेतावल, अजय सिंह राजोदा, अनिल गोस्वामी, दिग्विजय सिंह झाला, प्रतीक शास्त्री, वंदना पांडे, अविनाश जेठवा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### तेज आंधी से रूपाखेड़ी में दीवार ढही, एक ही परिवार के सात घायल

# आंधी-तूफान से बागली सहित जिले भर में मची तबाही, पेड़ उखड़े, घरों के पतरे उड़े

तेज हवा के चलते शहर के कई इलाकों में पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित, धूल के गुबार से सड़कों पर दृश्यता हुई कम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/बागली




सोमवार दोपहर जिले में मौसम ने अचानक करवट ली और तेज धूल भरी आंधी ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी असर छोड़ा। दोपहर करीब 3:30 बजे शुरू हुई आंधी एक घंटे से अधिक समय तक चली, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए, बिजली के पोल झुक गए और विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं टीनशेड, होर्डिंग, पोस्टर और बैनर भी तेज हवाओं के कारण क्षतिग्रस्त हो गए। आंधी के दौरान रूपाखेड़ी के समीप मेरठी कंकड़ क्षेत्र में एक दीवार गिरने से एक ही परिवार के सात सदस्य घायल हो गए। घायलों में राम मेवाड़ा, बुद्धालाल मेवाड़ा, शांताबाई मेवाड़ा, अंजूबाई, दिव्यांशी, लकी और रुद्र मेवाड़ा शामिल हैं। सभी का अस्पताल में उपचार जारी है। तेज हवाओं के चलते शहर के कई इलाकों में पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित रहा।

धूल के गुबार से सड़कों पर दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आंधी का व्यापक असर देखने को मिला। ग्राम सिया में कई मकानों के टीनशेड उड़ गए और पेड़ धराशायी हो गए। वहीं भोपाल रोड पर भी कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं। आंधी के कारण बिजली लाइनों पर पेड़ों की शाखाएं गिरने और पोल क्षतिग्रस्त होने से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। सूचना मिलते ही बिजली कंपनी और नगर निगम की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा गिरे हुए पेड़ों को हटाने और विद्युत व्यवस्था बहाल करने का कार्य शुरू किया। माता टेकरी क्षेत्र में भी आंधी से कुछ लाइटें क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सामने आई है।

### पेड़ उखड़े, घरों के पतरे उड़े

**बागली।** क्षेत्र में सोमवार दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। भीषण गर्मी के बीच तेज आंधी-तूफान ने बागली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक असर डाला। चक्रवाती गति से चली हवाओं के कारण कई पुराने पेड़ धराशायी हो गए, जबकि अनेक मकानों और दुकानों की टिन शेड एवं पतरे उड़ गए। अचानक बदले मौसम से लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आंधी का सबसे अधिक असर क्षेत्र की फल फसलों पर पड़ा है। आम और जामुन के पेड़ों पर इस समय फल पूरी तरह तैयार हो चुके थे, लेकिन तेज हवाओं के चलते बड़ी मात्रा में फल जमीन पर गिर गए। स्थानीय किसान गेंदालाल राठौर ने बताया कि आम और जामुन की फसल पकने की स्थिति में थी, लेकिन आंधी-तूफान ने बागवानों और किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाने की आशंका है।

तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पेड़ बिजली लाइनों पर गिर गए तथा उड़कर आए टिन शेड तारों में फंस गए। सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई, जिससे कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में देर शाम तक बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। बिजली विभाग की टीमें लाइनों को दुरुस्त करने में जुटी रहीं। हालांकि इस प्राकृतिक आपदा में किसी जनहानि की सूचना नहीं मिली है, लेकिन मकानों, दुकानों और फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर नुकसान का आकलन किए जाने की बात कही जा रही है। अचानक आए इस बेमौसम तूफान ने किसानों और आमजन की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

## वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ.जोशी ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया

### व्यवस्थाओं की परखी हकीकत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वरिष्ठ संयुक्त संचालक स्वास्थ्य, उज्जैन डॉ. एम.के. जोशी ने सोमवार को जिला चिकित्सालय देवास का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, इंजेक्शन कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, एसएनसीयू, मैटरनिटी विंग और लेबर रूम का अवलोकन किया।डॉ. जोशी ने आपातकालीन कक्ष में चिकित्सकों से सीपीआर और ट्राईएज व्यवस्था की जानकारी ली तथा मरीजों के लिए पेयजल और स्वच्छता व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों के लिए अलग काउंटर डिस्प्ले करने के निर्देश दिए। एक्स-रे और सीटी स्कैन संबंधी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने तथा ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान दवा वितरण केंद्र में दवाओं की उपलब्धता, इंजेक्शन रूम में बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन तथा विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली गई। एसएनसीयू और लेबर रूम के निरीक्षण में उन्होंने नवजात शिशुओं की देखभाल, रिकॉर्ड संधारण, बेड ऑक्युपेंसी और रेफरल व्यवस्था की समीक्षा की। एक भर्ती शिशु के उपचार की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने केस शीट में समय और तिथि का सही उल्लेख करने तथा सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। संक्रमण नियंत्रण को लेकर उन्होंने लेबर रूम की स्वच्छता, नियमित फ्यूमिगेशन और स्टाफ को हाइजीन संबंधी प्रशिक्षण देने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने सभी वार्डों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने, चिकित्सा उपकरणों का नियमित रखरखाव करने और बिना ठोस कारण मरीजों को रेफर नहीं करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई, रिकॉर्ड प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### मुंह पर काली पट्टी बांधकर कांग्रेस ने मौन धरना दिया

**देवास।** विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर में एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया, जिससे पूरे प्रदेश के कांग्रेस जनों में रोष व्याप्त हो गया। इस घटना के बाद कांग्रेस जनों ने निर्णय लिया कि मुख्यमंत्री का पुतला जलाया जाएगा, जब यह सूचना प्रदेश अध्यक्ष पटवारी को लगी तो उन्होंने तत्काल कांग्रेस जनों को निर्देश दिए की हम महात्मा गांधी की पार्टी के कार्यकर्ता है और हम इस तरह का काम नहीं करेंगे बल्कि आप गांधीवादी व लोकतांत्रिक तरीके से अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त करें।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

### 10वीं-12वीं में 30 प्रतिशत से कम परिणाम वाले प्राचार्यों को शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक शासकीय कन्या महारानी चिमना बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास में आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिले हाई स्कूल एवं उ.मा.वि. स्कूलों के प्राचार्यो उपस्थित थे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों में आई कमी पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रत्येक विद्यालय के प्राचार्य से वन-टू-वन चर्चा की। उन्होंने गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष कम रहे सफलता प्रतिशत का मुख्य कारण पूछा।

गत वर्ष की तुलना में परिणाम संतोषजनक न होने पर उन्होंने संबंधित प्राचार्यों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि शैक्षणिक गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।कलेक्टर ने 10वीं और 12वीं के वह शासकीय विद्यालय जिनका परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम रहा उन सभी प्राचार्यो को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। कक्षा 10वीं के विद्यालय में 18 विद्यालयों में उ.मा.वि. चापडा के प्राचार्य बहादुर सिंह बदुरिया, उ.मा.वि. पटाडी के प्राचार्य पुरूषोत्तम सिंह सिसोदिया, हाई स्कूल अगुरली के प्राचार्य मनोहर लाल हरनिया, उ.मा.वि. नूतन के प्राचार्य अशोक कुमार साहू, हाई स्कूल डोकाकुई के प्राचार्य रामनिवास अंकेल, हाईस्कूल कन्या पीपलरावां के प्राचार्य शिवेषचन्द्र धाकड, उ.मा.वि.बालक हाटपीपल्या के प्राचार्य विरेन्द्र सेंधव, हाई स्कूल सेवनिया खुर्द के प्राचार्य मोहनलाल मंसारे, हाई स्कूल पटलावदा की प्राचार्य श्यामा शर्मा, हाई स्कूल अमोना टोंकखुर्द के प्राचार्य जे.पी.कुजुर, उ.मा.वि. पिपरी के प्राचार्य पप्पु सिंह अचाले, हाई स्कूल पर्वतपुरा के प्राचार्य भोलाराम निनामा, हाई स्कूल डेहरी के प्राचार्य विजय तिवारी, हाई स्कूल गोदना के प्राचार्य गोकुल सिंह अलावा, हाई स्कूल अगेरा के प्राचार्य मनोहर लाल परमार, हाई स्कूल घिचलाय के प्राचार्य किशोर चौहान, उ.मा.वि. उत्कृष्ट टोंकखुर्द के प्राचार्य जगन्नाथ डामेचा, उ.मा.वि. पीपलरावां के प्राचार्य मुन्नालाल अंगोरिया को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिले के कक्षा 12 वीं के विद्यालय जिनका परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत से कम रहा उसमें उ.मा.वि. नूतन देवास के प्राचार्य अशोक कुमार साहू, उ.मा.वि. सतवास की प्राचार्या श्रीमती आशा जोशी, उ.मा.वि. पानीगांव के प्राचार्य अंकित बोयनिया, उ.मा.वि. पीपलरावां के प्राचार्य मुन्नालाल अंगोरिया शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सिंह ने विकासखंड स्तर पर जर्जर भवनों में शाला संचालन की स्थिति की समीक्षा कर विद्यालय के जीर्णोधार के लिए आवांटित बजट द्वारा किये कार्यो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यालय में किये गये सभी कार्यो को प्रत्यक्ष रूप से विद्यालय में जाकर निरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने कर्मचारियों के वेतन, एरियर आदि के भुगतान, विकासखंड स्तर पर जर्जर भवनों में शाला संचालन की स्थिति और उनके स्थान अन्य विकल्प, अपार आईडी और आधार केंद्र के संचालन की समीक्षा। यूडीआईएसई में स्टूडेंट प्रोग्रेशन, शाला स्तर पर पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण, सीएम हेल्पलाइन के निराकरण, ई-अटेंडेंस की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# बागली क्षेत्र में चोरों का आतंक: 25 दिन में 4 बड़ी वारदातें, पुलिस के लिए चुनौती बना शातिर गिरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



बागली थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है। बीते 25 दिनों के भीतर क्षेत्र में चार बड़ी चोरी की वारदातों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि अधिकांश घटनाओं में चोरों ने घरों में सो रहे परिवारों की मौजूदगी के बावजूद लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों और नगरवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है।

### सोते समय लाखों की चोरी

ताजा मामला ग्राम छतरपुरा का है, जहां तिलोकचंद पाटीदार के घर में देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर खेत की ओर से घर तक पहुंचे और खिड़की की लोहे की जाली व सरिए काटकर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, नगदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने परिवार के बच्चे की सात वर्षों से जमा की जा रही गुल्लक भी नहीं छोड़ी। बताया गया कि गुल्लक में करीब 25 हजार रुपए जमा थे। चोरी गए सामान में सोने के हार, चैन, अंगूठी, झुमके, चांदी की पायजेब, ब्रेसलेट, चांदी की चैन, नगद राशि और महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। वारदात के समय पूरा परिवार घर में ही सो रहा था, लेकिन चोर बेखौफ होकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।

### दो अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास

उसी रात छतरपुरा के नयापुरा रोड स्थित शांतिलाल पाटीदार और कैलाशचंद्र पाटीदार के मकानों को भी निशाना बनाया गया। अज्ञात बदमाशों ने खिड़कियों के नकुचे और सरिए काट दिए, हालांकि वे चोरी करने में सफल नहीं हुए।

### बागली में राजा अजमेरा के घर हुई थी बड़ी चोरी

छतरपुरा की घटना से छह दिन पहले बागली नगर में राजा अजमेरा के घर भी इसी अंदाज में चोरी हुई थी। चोर लाखों रुपए मूल्य के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए थे। घटना के समय परिवार घर में मौजूद था। उसी रात नगर के दो अन्य सूने मकानों के ताले भी तोड़े गए थे।

### शिक्षिका के घर से भी लाखों के जेवरात ले गए थे चोर

इसके पहले छतरपुर रोड स्थित शासकीय शिक्षिका अनीता बघेल के घर में भी चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपए के जेवरात और नगदी चुरा ली थी। उस समय भी परिवार घर में मौजूद था। इस मामले का खुलासा भी अब तक नहीं हो सका है।

### वारदातों से लोगों में बढ़ी चिंता

लगातार हो रही चोरियों का तरीका लगभग एक जैसा होने से लोगों को किसी संगठित और शातिर गिरोह के सक्रिय होने की आशंका है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों के बढ़ते हौसलों के कारण सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है।

### फिंगरप्रिंट टीम जुटा रही साक्ष्य

सभी घटनाओं के बाद पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। घटनास्थलों से मिले सुरागों के आधार पर जांच जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

**जल्द होगा खुलासा**

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया गया है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। थाना प्रभारी को भी विशेष निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाए।

**संजय सिंह बैस,** एसडीओपी, बागली

### सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत देवास पुलिस का छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रारंभ

# भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, आपदा राहत पर प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास






आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व को सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला देवास में छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सोमवार को प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, विशेष सशस्त्र बल एवं विशेष शाखा के चयनित पुलिसकर्मियों को सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन के दौरान आने वाली चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है, जिसमें लाखों श्रद्धालु विभिन्न राज्यों एवं देशों से पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन एवं भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

अधिकारियों ने कहा कि सिंहस्थ के दौरान पुलिस बल को केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं रहना होता, बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता, लापता व्यक्तियों की खोज, यातायात संचालन तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने जैसी अनेक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी करना पड़ता है। इसी उद्देश्य से पुलिस कर्मियों को आधुनिक तकनीकों एवं व्यावहारिक अनुभवों के आधार पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 62 पुलिस कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

इनमें जिला पुलिस बल के साथ-साथ होमगार्ड, विशेष सशस्त्र बल एवं विशेष शाखा के जवान शामिल हैं।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को भीड़ नियंत्रण की आधुनिक पद्धतियों, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, आपदा प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, यातायात डायवर्जन योजना, संचार व्यवस्था, जनसहयोग एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा विभिन्न संभावित परिस्थितियों का अभ्यास कराकर उन्हें व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जाएगा।

आयोजित हुए प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ अधिकारी सिंहस्थ मेले के दौरान उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों के अध्ययन, पूर्व आयोजनों के अनुभवों तथा आधुनिक सुरक्षा मानकों के आधार पर पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे। इससे पुलिस बल की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और बड़े आयोजनों के दौरान बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा।

## जिला अस्पताल में मारपीट करने वाले आरोपी एक घंटे में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के एमजीएच अस्पताल में सोमवार को मारपीट कर अशांति फैलाने वाले आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने घटना के मात्र एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों द्वारा अस्पताल परिसर में मारपीट कर कानून व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया गया था। जानकारी अनुसार, थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित एमजीएच अस्पताल में कुछ व्यक्तियों द्वारा विवाद एवं मारपीट किए जाने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल आरोपियों की पहचान की और सभी को एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की इस हरकत से अस्पताल में मौजूद मरीजों एवं परिजनों के बीच कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### एससी एसटी युवक युवतियों को द्वितीय चरण प्रशिक्षण आज से

**ललितपुर।** एससी एसटी वर्ग के युवक युवतियो का होने जा रहा है एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन मार्च माह में कराया गया था जिसमें उद्यमिता विकास तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के वर्ग के लाभार्थियों के स्वरोजगार हेतु सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 से ज्यादा लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया था योजना का दूसरा चरण दिनांक 2 जून समय प्रातः 12 बजे से शाम 5 बजे तक साक्षात्कार का समय निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रथम चरण में उपस्थित लाभार्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से 50 लाभार्थियों का चयन दो बैच में माध्यम से किया जाएगा जिसमें प्रत्येक बैच में लाभार्थियों की संख्या 25-25 की होगी। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

### श्रीमद भागवत कथा श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया

**ललितपुर।** ग्राम धौर्रा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास स्वामी मुनिशानंद महाराज (वृंदावन धाम) ने भगवान की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्तों को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान विद्या देवी रामशंकर विश्वकर्मा रहे। व्यास ने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य ईश्वर की भक्ति और मानव सेवा है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं भक्तों के प्रति उनके प्रेम का मनोहारी वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन एवं जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा भगवान के चरणों में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। कथा का आयोजन प्रतिदिन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा के अंत में महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने सहभागिता निभाई।

### एक जनपद एक उत्पाद के प्रशिक्षण में आवेदन आमंत्रित

**ललितपुर।** एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 3 ट्रेडों 1- रेडीमेड होजरी 2 जरी सिल्क साड़ी 3 खाद्य प्रसंस्करण तथा 'एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना' के लिए आवेदन पोर्टल पर ऑनलाइन शुरू किये जा चुके है जिन लाभार्थियों को इस योजना का लाभ प्राप्त करना है तो वे सभी आवेदन करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की वेबसाइट पर लॉगिन कर आप अपना आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ कर दिया गया है। परियोजना में अधिकतम ऋण की कोई उच्च सीमा नही है। आवेदन करने हेतु दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, नोटरी शपथ पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट बैंक की पासबुक की छायाप्रति, पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर, शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। लाभार्थी को एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना के अन्तर्गत परियोजना लागत का 05 से 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना होगा, बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत पर नियमानुसार 25 प्रतिशत तक अनुदान दिया जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

### रिनिया में 8 जून से संगीतमय भागवत कथा

**विदिशा।** ग्राम रिनिया स्थित भैरों बाबा मंदिर प्रांगण में 8 से 14 जून तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अरविंद कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 जून को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे।

### 21-21 हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया

# जिले की हाई स्कूल इंटर टॉपर मेधावियों छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उपस्थित रहे।

समारोह में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, एमएलसी रमा निरंजन सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान लखनऊ स्थित लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नवाचार, तकनीक और शिक्षा के माध्यम से प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी, अभ्युदय योजना, स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सीमित उपयोग तथा समाचार पत्रों एवं पुस्तकों के अध्ययन की सलाह दी। स्थानीय स्तर पर आयोजित समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर के छात्र-छात्राओं, विशेष रूप से बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है।

सदर विधायक ने कहा कि विद्यार्थियों को इंटरमीडिएट के बाद अपने जीवन का लक्ष्य स्पष्ट कर लेना चाहिए और उसी दिशा में मेहनत करनी चाहिए। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए अभिभावकों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने बेटा-बेटी में भेदभाव किए बिना बेटियों को शिक्षा के समान अवसर प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि सफलता के बाद भी आत्ममुग्ध न हों और लगातार मेहनत करते रहें। साथ ही साइबर अपराधों से सावधान रहने और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने की भी सलाह दी। डीआईओएस ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले कुल 21 विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान हाईस्कूल के अमित, मोहिनी पटेल, अभय पटेल, शिवांश, नंदनी, मोनिका सिंह, रोशनी, रोनक कुशवाहा, राधिका एवं शिवांस कुमार यादव और इंटरमीडिएट वर्ग के माधव सिंह, सतीश, वैष्णवी तिवारी, नव्या त्रिपाठी, यश झा, आकृति तिवारी, सतवेंद्र, कनक, आलोक सिंह, प्रिंस कुशवाहा एवं लकी सेन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ शेषनाथ चौहान, डीआईओएस ओपी सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार, जीएचसी दावनी के प्रधानाध्यापिका कोमल सिंह नरवरिया, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अभिभावक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### डीएम व विधायक को ज्ञापन सौंपा

## आगजनी से प्रभावित व्यापारियों को मुआवजा दिलाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में शहर में हुई दो बड़ी अग्निकांड घटनाओं में प्रभावित व्यापारियों को क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल ने प्रशासन एवं राज्य सरकार से प्रभावित व्यापारियों को अधिकतम आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। व्यापार मंडल के अनुसार 30 मई 2026 की रात्रि लगभग 11 बजे झांसी रोड नहर के पास स्थित प्रांतीय सदस्य आकाश गुप्ता के प्रतिष्ठान गुप्ता ट्रेडर्स में भीषण आग लग गई थी। आग इतनी विकराल थी कि उसे नियंत्रित करने के लिए स्थानीय दमकल वाहनों के साथ बजाज पावर प्लांट से भी फायर ब्रिगेड वाहन बुलाना पड़ा। आग पर काबू पाने के लिए गोदाम की दीवारों को जेसीबी मशीन से तोडऩा पड़ा, जबकि दमकल कर्मियों को लगभग 12 घंटे तक लगातार मशक्कत करनी पड़ी। इसके बावजूद प्रतिष्ठान में रखा करोड़ों रुपये का माल जलकर राख हो गया। व्यापार मंडल ने ज्ञापन में कहा कि यदि जनपद में पर्याप्त संख्या में फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध होते तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। संगठन ने बताया कि वह पिछले चार वर्षों से जनपद में फायर ब्रिगेड की संख्या बढ़ाने, प्रत्येक तहसील में फायर स्टेशन स्थापित करने तथा दो-दो दमकल वाहन उपलब्ध कराने की मांग कर रहा है। इस दौरान मनीष सड़ैया, जिलाध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंघई, प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग मंच कमलेश सराफ, संतोष इमलिया, अजय सोनी, अभिषेक अनोरा, सिद्धेश्वर जमोरया, प्रभात सराफ, आकाश गुप्ता, राजू सिंधी, रविंद्र दिवाकर, डा.संजीव कड़की, सुरेंद्र लारिया, अशोक सोनी, नवनीत किलेदार, समित समैया, विशाल सराफ, मंगू पहलवान, जितेंद्र सोनी, सौरभ जैन, विपिन जैन, विवेक, शिखर जैन, मुरारी सोनी, रविंद्र जैन, अनुज जैन, महावीर, संजीव, प्रवेश सिंह, अजय साहू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## जेब काटकर 27 हजार रुपए चोरी करने वाला गिरफ्तार

### पुलिस ने खुलासा किया- नकदी, मोबाइल और बाइक बरामद

**ललितपुर।** थाना जखौरा पुलिस ने जेब काटकर रुपये चोरी करने की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से 15,570 रुपये, एक मोबाइल फोन तथा एक प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जखौरा पुलिस ने यह सफलता हासिल की। पुलिस ने थाना जखौरा में पंजीकृत मुकदमा संख्या 145/2026, धारा 303(2) एवं 317(2) बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त राजेन्द्र सिंह उर्फ हल्के राजा (46 वर्ष) निवासी ग्राम मवई, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार वादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात



व्यक्ति ने उसकी जेब काटकर 27 हजार रुपये चोरी कर लिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीन विशेष टीमें गठित कीं। जांच के दौरान पुलिस ने कई किलोमीटर के दायरे में लगे लगभग 200 से 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही सर्विलांस और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 27 मई 2026 को वह मोटरसाइकिल से अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। रास्ते में उसे एक बुजुर्ग व्यक्ति मिले, जिन्हें उसने अपनी बाइक पर बैठा लिया। बातचीत के दौरान उसे पता चला कि बुजुर्ग के पास 27 हजार रुपये हैं। लालच में आकर उसने उन्हें ईंट भ` के लिए मिट्टी दिखाने के बहाने ग्राम गुलैंदा के पास खेत की ओर ले गया और मौका पाकर उनकी कुर्ते की जेब से रुपये चोरी कर लिए। बाद में वह अपने रिश्तेदार के घर चला गया। चोरी की रकम में से कुछ रुपये खर्च हो गए, जबकि शेष रकम पुलिस ने बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपी राजेन्द्र सिंह उर्फ हल्के राजा का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके विरुद्ध महोबा जनपद के श्रीनगर थाने में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15,570 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और एक प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैश के नेतृत्व में जखौरा पुलिस टीम द्वारा की गई। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### यात्रियों के मोबाइल सामान चोरी करने वाले गिरोह का सदस्य निकला

## 15 हजार का इनामी गैंगस्टर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

**ललितपुर।** राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जीआरपी पुलिस टीम ने सोमवार तड़के जाखलौन रेलवे स्टेशन से 15 हजार रुपये के इनामी और गैंगस्टर एक्ट के वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी के निर्देशन में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा चोरी एवं लूट की संपत्ति की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी के निकट पर्यवेक्षण एवं जीआरपी के थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार तड़के करीब 2.30 बजे रेलवे स्टेशन जाखलौन के मुख्य द्वार के बाहर बनी रैम्प के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत वार्ड नं. 6 तालाबपुरा निवासी अनीश पुत्र सत्तार के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध जीआरपी ललितपुर में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वह 19 सितंबर 2025 से लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी एक संगठित गिरोह का सदस्य है, जो रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों को निशाना बनाता था। गिरोह के सदस्य भीड़भाड़ और यात्रा के दौरान यात्रियों के मोबाइल फोन,



नकदी एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। आरोपी के खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हैं और वह रेलवे क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों में शामिल रहा है। जीआरपी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें रेलवे यात्रियों के सामान चोरी करने के मामले शामिल हैं। उसके खिलाफ दर्ज प्रमुख मुकदमे हैं, जिनमें अपराध संख्या 200/2023, धारा 380/411 भादवि, थाना जीआरपी ललितपुर, अपराध संख्या 94/2024, धारा 305(बी)/317(2) बीएनएस, थाना जीआरपी ललितपुर, अपराध संख्या 118/2025, धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम, थाना जीआरपी ललितपुर शामिल हैं। थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल भगवान सिंह तथा हेड कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह कार्रवाई में शामिल रहे। अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

### कुशकुटी आश्रम में स्वागत किया

## भजनलाल बने अभा कुशवाहा महासभा के प्रदेश सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा द्वारा संगठन विस्तार एवं सशक्तिकरण के क्रम में रामनगर निवासी समाजसेवी भजनलाल कुशवाहा को संगठन का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति का आधिकारिक पत्र 15 मई 2026 को जारी किया गया। इस महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर कुशवाहा समाज में हर्ष का माहौल है तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाज के लोगों द्वारा उन्हें बधाइयां दी जा रही हैं।

प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के परामर्श बाद संगठन के प्रति भजनलाल कुशवाहा की निष्ठा, सक्रियता, समाजसेवा और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए उन्हें प्रदेश सचिव के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी, समर्पण एवं सक्रियता के साथ करेंगे। प्रदेश सचिव बनाए जाने उपरांत भजनलाल कुशवाहा ने राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह कुशवाहा, मौर्य, शाक्य एवं सैनी समाज की एकता, सामाजिक उत्थान तथा अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने समाज के युवाओं को संगठित कर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का भी संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर कौशल किशोर मंदिर स्थित कुशकुटी आश्रम, मवेशी बाजार ललितपुर में कुशवाहा समाज पंचायत मंडल द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विशेष रूप से पहुंचे अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्ध सिंह कुशवाहा ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर शुभकामनाएं दीं।

समारोह में समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से राहुल कुशवाहा (पत्रकार), रमेश कुशवाहा (नगर अध्यक्ष), राजेंद्र कुशवाहा (मुखिया अध्यक्ष पंचायत मंडल), प्रकाश नारायण कुशवाहा (जिला अध्यक्ष), गिरधारी कुशवाहा (पार्षद), वृंदावन कुशवाहा, राजा कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, पवन कुशवाहा, हरगोविंद कुशवाहा, जगदीश कुशवाहा, सुखलाल कुशवाहा, रतिराम कुशवाहा (पूर्व जिला अध्यक्ष), हरप्रसाद कुशवाहा (जिला अध्यक्ष टीकमगढ़), कम्मोद माते, आशाराम माते, कल्ली माते, शरमन माते, गेंदा लाल माते, राजू माते, राजधर माते, परमानंद माते, बृजलाल माते, रघवर माते एवं ओम कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप लगाकर विवाहिता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई

### जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की

**ललितपुर।** नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम कोलेरा निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीडऩ, मारपीट और घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वर्तमान में मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के ग्राम बम्हौराकलां निवासी चांदनी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वर्ष 2021 में उसका विवाह नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम



कोलेरा निवासी महेंद्र के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह के दौरान उसके पिता द्वारा सामर्थ्य के अनुसार नकद राशि, सोने-चांदी के आभूषण एवं गृहस्थी का सामान दिया गया था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति, सास, जेठ-जेठानी सहित अन्य परिजनों द्वारा कम दहेज लाने की बात कहकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और मानसिक रूप से परेशान किया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उसके दो छोटे बच्चे हैं, इसके बावजूद ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष के लोग उससे अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई और उसे बच्चों सहित मायके भेज दिया गया। शिकायत पत्र में कहा गया है कि 28 मई 2026 को वह अपने बच्चों के साथ ससुराल पहुंची तो परिजनों ने उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया। विरोध करने पर कथित रूप से गाली-गलौज और मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के दौरान आसपास के लोगों द्वारा बीच-बचाव किए जाने की बात भी शिकायत में कही गई है। पीड़िता ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### गायिका के निधन पर जताया शोक

## सुरों की सादगी और मधुरता की मिसाल थीं सुमन कल्याणपुर: शर्मा



**ललितपुर।** हिंदी फिल्म संगीत जगत की सुप्रसिद्ध पाश्र्व गायिका सुमन कल्याणपुर के निधन पर स्तंभकार एवं साहित्य प्रेमी सिद्धार्थ शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सुमन कल्याणपुर के निधन के साथ भारतीय फिल्म संगीत का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय समाप्त हो गया है, जिसने अपनी मधुरता, शालीनता और भावपूर्ण गायकी से करोड़ों श्रोताओं के दिलों में अमिट छाप छोड़ी। सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि सुमन कल्याणपुर ने अपने लंबे संगीत सफर में सात सौ से अधिक गीतों को अपनी आवाज दी और हिंदी सिनेमा को एक अमूल्य धरोहर प्रदान की। उनके गीत आज भी संगीत प्रेमियों के बीच उतने ही लोकप्रिय हैं, जितने अपने समय में थे। उन्होंने कहा कि साठ और सत्तर का दशक हिंदी फिल्म संगीत का स्वर्णिम काल माना जाता है। उस दौर में लता मंगेशकर और आशा भोंसले जैसी महान गायिकाओं के बीच अपनी अलग पहचान बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था, लेकिन सुमन कल्याणपुर ने अपनी मधुर, कोमल और भावपूर्ण आवाज के बल पर श्रोताओं के दिलों में विशिष्ट स्थान बनाया। उनकी गायकी में ऐसी सादगी और मिठास थी, जो सीधे श्रोताओं के मन को स्पर्श करती थी। उनकी आवाज की तुलना अक्सर लता मंगेशकर से की जाती रही, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपनी अलग पहचान कायम की और अनेक कालजयी गीतों के माध्यम से संगीत जगत में अमिट छाप छोड़ी। शर्मा ने सुमन कल्याणपुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारतीय संगीत जगत में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा और उनकी मधुर आवाज अमर रहेगी।

### पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन आगे आई

## पंचायत सहायकों की समस्याओं का समाधान करने सीएम को ज्ञापन भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में पंचायत सहायकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि पंचायत सहायक ग्राम पंचायतों में डिजिटल, प्रशासनिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और मानदेय नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में पंचायत सहायकों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए



सरकार से आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने, सेवा सुरक्षा प्रदान करने, महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश की सुविधा देने, ग्राम पंचायत अधिकारियों के रिक्त पदों पर पंचायत सहायकों को प्राथमिकता देने तथा अन्य लंबित समस्याओं का निराकरण शामिल है।

यूनियन ने मुख्यमंत्री से पंचायत सहायकों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पंचायत सहायक कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर यूनियन के जिलाध्यक्ष संदीप झा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



रात के समय अचानक तेज हवा चलने से लोगों में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल बना

# आंधी-तूफान से पेड़ टूटे कई घरों के टीनशेड उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार देर रात अचानक मौसम ने करवट ली। तेज आंधी और हवाओं के साथ हल्की बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हुआ। तेज हवा के कारण कई स्थानों पर पुराने पेड़ और पेड़ों की शाखाएं टूटकर सड़कों तथा खुले स्थानों पर गिर गईं। वहीं कई मकानों और दुकानों की टीन व चद्दरें उड़ जाने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। रात के समय अचानक तेज हवा चलने से लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई परिवार अपने घरों से बाहर निकल आए और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आंधी का असर देखने को मिला, जहां कच्चे मकानों और अस्थायी ढांचों को नुकसान पहुंचा।

हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है। तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। पेड़ों की शाखाएं टूटकर बिजली लाइनों पर गिरने से कई क्षेत्रों में कुछ समय के लिए बिजली बाधित रही। संबंधित विभाग द्वारा स्थिति सामान्य करने के लिए आवश्यक कार्य किया गया।स्थानीय नागरिकों के अनुसार आंधी की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके चलते कमजोर और पुराने पेड़ उखड़ गए। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली।प्रशासन ने नागरिकों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने तथा पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर ढांचों के आसपास खड़े नहीं होने की अपील की है।

## लाखों की लागत से बना टीनशेड तेज आंधी में धराशायी, निर्माण कार्य पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर परिषद द्वारा चांदबल्डी स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लाखों रुपये की लागत से लगाया गया टीनशेड शनिवार को आई तेज आंधी और तूफान के दौरान धराशायी हो गया। तेज हवाओं के कारण टिनशेड की चद्दरें उखड़कर जमीन पर गिर गईं। घटना के बाद यह मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।



जानकारी के अनुसार, ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लगाए गए इस टीनशेड का निर्माण एक वर्ष पहले करीब 6 लाख की लागत ही हुआ था । स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव होने के कारण टीनशेड पहली ही आंधी का सामना नहीं कर सका। घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता और खर्च की गई राशि को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन लाखों रुपये की लागत से निर्मित संरचना का इस तरह क्षतिग्रस्त होना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ नागरिक इसे निर्माण कार्य में संभावित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की ओर इशारा मान रहे हैं।

### शीघ्र ठीक करवाया जाएगा

यह घटना प्राकृतिक आपदा और तेज आंधी-तूफान के कारण हुई है। क्षतिग्रस्त हुए टीनशेड को शीघ्र ही ठीक करवा दिया जाएगा। नगर परिषद स्थिति का आंकलन कर रही है और आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा।

**लीलाधर सेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुरावर।**

## तेज आंधी-तूफान से जनजीवन प्रभावित, बिजली व्यवस्था ठप्प, कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के पोल गिरे



**कुरावर।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में देर रात आए तेज आंधी-तूफान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण कई बिजली पोलों से विद्युत तार टूटकर गिर पड़े, वहीं कई स्थानों पर पेड़ भी धराशायी हो गए। इसके चलते रात करीब 11 बजे से नगर की बिजली आपूर्ति बाधित रही, जो सुबह करीब साढ़े तीन बजे के बाद बहाल हो सकी। नगर की गल्ला मंडी स्थित केसरीनंदन मंदिर परिसर में एक विशाल पीपल का पेड़ भी गिर गया। इसके अलावा कई स्थानों से मकानों और दुकानों की टीन एवं चद्दरें उड़ने की सूचनाएं भी मिली हैं। बिजली बंद रहने से जलापूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित रही। नलों में पानी नहीं आ सका और टैंकरों के माध्यम से भी जल वितरण नहीं हो पाया, जिससे नागरिकों को देर रात से दोपहर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, आसपास के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

## शक्ति के सानिध्य में शिव साधना का भव्य अनुष्ठान संपन्न, 44 डिग्री तापमान के बीच उमड़ा आस्था का जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में पिछले सात दिनों से चल रहे भव्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महाअनुष्ठान का रविवार को महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के माहौल में समापन हुआ। भीषण गर्मी और 44 डिग्री तापमान के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह पूरे आयोजन के दौरान देखने लायक रहा। रविवार सुबह से ही माता के दरबार में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। प्रातः 8 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें लगभग 10 हजार से अधिक महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति भाव से रुद्री निर्माण किया। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे धर्माचार्य सोमेश परसाई के नेतृत्व में मुख्य यजमान प्रशांत अग्रवाल तथा सह यजमान स्वप्निल मंगल एवं चंचल मंगल (पचोर) सहित अन्य यजमानों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर व्यासपीठ पर विराजित धर्माचार्य सोमेश परसाई का स्वागत राज्यमंत्री गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर द्वारा किया गया।

सप्तदिवसीय आयोजन के लिए बिजासन धाम परिसर में भव्य कथा पांडाल के साथ विशाल अस्थायी पांडाल का निर्माण किया गया था। श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत देने के लिए पर्याप्त संख्या में कूलर एवं फोगर लगाए गए थे। वहीं ठंडे पेयजल की विशेष व्यवस्था भी की गई थी। आयोजन के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। मंदिर परिसर एवं पहाड़ी क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। महायज्ञ समिति के सदस्यों ने सांसद रोडमल नागर के सानिध्य में आयोजित इस महाअनुष्ठान में शामिल सभी श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा। आयोजन का समापन महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ।

# रास्ता विवाद को लेकर ग्रामीणों ने विधायक मोहन शर्मा को दिया आवेदन, रास्ता खुलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



स्थानीय मंडी क्षेत्र में रास्ते को लेकर चल रहा विवाद अब जनप्रतिनिधि के समक्ष पहुंच गया है। कुरावर निवासी ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा को आवेदन सौंपकर उनके खेतों तक जाने वाले रास्ते को खुलवाने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि उनकी कृषि भूमि तक पहुंचने का मार्ग हाईवे से होकर सरकारी सड़क के माध्यम से सर्वे नंबर 844, 863/2, 863/4, 862/2 एवं अन्य भूमि से गुजरता है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा उक्त रास्ते को रोक दिया गया है, जिससे उन्हें खेतों तक आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवेदकों का कहना है कि रास्ता बंद होने के कारण खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और उन्हें अपनी भूमि तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने विधायक मोहन शर्मा से मामले में हस्तक्षेप कर संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए रास्ता खुलवाने तथा समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता उनके आवागमन और कृषि कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि विधायक के हस्तक्षेप से मामले का शीघ्र निराकरण होगा और किसानों को राहत मिलेगी।

# अवैध खनन पर कार्रवाईः दो डंपर, पोकलेन व जेसीबी जब्त

### खनिज विभाग को सौंपे जाएंगे जब्त वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अहमदानगर गांव में राजस्व अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो डंपर, एक पोकलेन मशीन और एक जेसीबी मशीन जब्त की है।

नायब तहसीलदार ओम बघेल ने बताया कि अहमदानगर क्षेत्र में बिना अनुमति खनिज उत्खनन और परिवहन किए जाने की सूचना मिलने पर प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान संबंधित खनिज उत्खनन एवं परिवहन से जुड़े आवश्यक वैध दस्तावेज और अनुमति पत्र नहीं पाए गए। स्थिति स्पष्ट होने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खनिज परिवहन में प्रयुक्त दो डंपरों तथा उत्खनन कार्य में लगी पोकलेन और जेसीबी मशीन को जब्त कर लिया। जब्त किए गए दोनों डंपरों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए करारिया थाना भेजा गया है।

# पुलिस में बड़ा फेरबदल 99 आरक्षकों के तबादले

### कानून व्यवस्था मजबूत करने थानों में बदली तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। जिले के विभिन्न थानों, पुलिस लाइन, यातायात शाखा और विशेष इकाइयों में पदस्थ 99 आरक्षकों एवं महिला आरक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। कोतवाली, सिविल लाइन, शमशाबाद, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, ग्यारसपुर, कुरवाई, बासौदा शहर, बासौदा देहात, गुलाबगंज, आनंदपुर और हैदरगढ़ सहित कई थानों के कर्मचारियों को नई पदस्थापना मिली है। पुलिस लाइन, साइबर सेल, डीएसबी से भी कर्मचारियों को अन्य थानों में भेजा गया है।

100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा, छतों पर रखा सामान उड़ गया

# आधी रात में एक घंटे चली आंधी, डेढ़ घंटे गुल रही बिजली नौतपा की तपिश टूटी, बादलों की आवाजाही से पारा लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मौसम विभाग के मुताबिक इस बार औसत से कम होगी बारिश

नौतपा के दौरान पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को शुक्रवार देर रात राहत मिली। आधी रात के आसपास तेज हवाओं के साथ जोरदार आंधी चली। यह सिलसिला करीब एक घंटे तक चला।जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शनिवार सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे धूप की तीव्रता कम हुई। जिससे तापमान में एकदम से भारी गिरावट दर्ज की गई है। करीब 4 डिग्री तापमान अचानक से गिर गया।

तेज आंधी से कई स्थानों पर घरों की छतों और आंगनों में रखा सामान उड़ गया। मौसम में आई नरमी से विदिशावासियों को भीषण गर्मी और लू से राहत महसूस हुई।

शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31.5 डिग्री था।



**विदिशा।** शुक्रवार रात करीब एक घंटे तक चली आंधी, शनिवार की सुबह आसमान में बादल छाए और मौसम सुहाना रहा।

### बारिश के साथ ओलों की भी संभावना

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी सिस्टम के प्रभाव से 31 मई और 1 जून को मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है। 30 मई के लिए प्रदेश के अधिकांश जिलों में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई थी। यदि बारिश होती है, तो नौतपा की तपिश से और अधिक राहत मिलने की संभावना है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज होगी।

### शिक्षकों के लिए 7 जून तक अवकाश घोषित

1 जून से शिक्षकों को स्कूलों में उपस्थित दर्ज कराना थी, लेकिन अब उन्हे 7 जून तक के लिए राहत दी गई है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में वृद्धि की गई है। आदेश में हवाला दिया गया है है कि अत्यधिक गर्मी एवं हीट वेब की स्थित निर्मित है। जिलों में तापमान 45 डिग्री तक चल रहा है। शिक्षक ग्रीष्मकालीन अवधि में जनगणना एवं बोर्ड परीक्षाओं संबंधी कार्य कर रहे हैं। शिक्षकों के स्वास्थ्य हित में ग्रीष्मकालीन अवकाश में वृद्धि की जाती है।

### अवकाश दिवसों में भी जारी रहेगा पंजीयन

**विदिशा।** जिले की सभी शासकीय आईटीआई में प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन पंजीयन 26 मई से 30 जून तक किया जाएगा। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए सभी आईटीआई में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, जो अवकाश दिवसों में भी संचालित रहेंगे। अभ्यर्थियों को विभिन्न ट्रेडों, रोजगार एवं स्वरोजगार अवसरों की जानकारी भी दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए 9406564234 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि बढ़ी

**विदिशा।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना सत्र 2025-26 के तहत आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून कर दी गई है।

ब्यावरा में संघ शिक्षा वर्ग का प्रकट कार्यक्रम

जब हजारों ने देखा अनुशासन संगठन और राष्ट्रभाव का संगम

# 'संगठित समाज ही हर चुनौती का सामना कर सकता है व्यक्तिगत श्रेष्ठता नहीं सामूहिक शक्ति आवश्यक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर ने रविवार को अनुशासन संगठन और राष्ट्रभावना का ऐसा दृश्य देखा, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यभारत प्रांत के 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग के प्रकट कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रदर्शन अनुशासन और एकरूपता ने उपस्थित हजारों लोगों को प्रभावित किया। मैदान पर कदमताल करते स्वयंसेवकों का उत्साहए घोष की धुन और दर्शकों की मौजूदगी ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मध्यभारत प्रांत संघ शिक्षा वर्ग 16 मई से ब्यावरा में चल रहा था। इसका प्रकट कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ जबकि औपचारिक समापन 1 जून को दीक्षांत समारोह के साथ होगा। इस वर्ग में प्रांत के 31 जिलों के 138 शाखा स्थानों से आए 200 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनमें किसानए व्यापारी अधिवक्ता शिक्षक इंजीनियर सहित समाज के




विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कार्यकर्ता शामिल रहे। खास बात यह रही कि सभी स्वयंसेवक स्वयं के व्यय से प्रशिक्षण लेने पहुंचे।

प्रकट कार्यक्रम देखने के लिए ब्यावरा नगर ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। आयोजन स्थल पर हजारों की मौजूदगी रही। स्वयंसेवकों ने सामूहिक व्यायामए दंड संचालनए योगए शारीरिक कौशल और अनुशासित प्रस्तुति देकर संगठन की कार्यपद्धति का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान कई बार दर्शकों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। मंच पर मुख्य अतिथि मानस मर्मज्ञ पंडित कपिल शर्मा नीलगिरि आश्रम वर्ग सर्वाधिकारी योगेश गौतम जिला संघ चालक महेश यादव एवं मुख्य वक्ता प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया उपस्थित रहे। वर्ग कार्यवाह कदम सिंह मीणा ने वर्ग का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रशिक्षण वर्ग की गतिविधियों और उद्देश्य की जानकारी दी। मुख्य वक्ता हेमंत सेठिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्संगठित समाज ही चुनौतियों का सामना कर सकता है। व्यक्ति कितना भी श्रेष्ठ क्यों न हो समाज की सामूहिक शक्ति के बिना बड़े परिवर्तन संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संघ का मूल कार्य व्यक्ति निर्माण है। शाखा के माध्यम से ऐसा व्यक्ति तैयार होता है जो संस्कारित होए अनुशासित हो और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर समाज में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि संघ शिक्षा वर्ग केवल शारीरिक अभ्यास का मंच नहीं बल्कि जीवन निर्माण की प्रयोगशाला है। यहां समयपालन अनुशासन आत्मीयता सेवा समरसता और टीम भावना जैसे जीवन मूल्यों का अभ्यास कराया जाता है। स्वयंसेवक यहां जो सीखता है उसे अपने व्यक्तिगत जीवन से लेकर समाज जीवन तक उतारने का प्रयास करता है। अपने संबोधन में उन्होंने आगामी 25 वर्षों के विकसित भारत के संकल्पए सामाजिक समरसताए स्वदेशी चिंतन और भारतीय जीवन मूल्यों पर भी विस्तार से बात रखी। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व मंच पर नई भूमिका में आगे बढ़ रहा है और इस यात्रा में समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। समाज को जातिए भाषाए क्षेत्र और भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में संगठित होना होगा। आयोजन की एक विशेष पहचान इसका पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत विषय भी रहा। कार्यक्रम को पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया और पूरे वर्ग को पॉलीथिन मुक्त रखा गया। भोजन निर्माण में गोबर के कंडों और लकड़ी का उपयोग किया गया।

किसान-व्यापारी परेशान, बोलेः हमारा पैसा हमें ही नहीं दे पा रहीं बैंकें

# बैंकों में कैश नहीं, 20-30 हजार ही दे रहीं शादी- विवाह और खेती जैसे काम प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में बैंकों में नकदी की कमी ने मंडी के व्यापारियों को परेशानी में डाल दिया है। मंडी के व्यापारी किसानों को नगद भुगतान करते हैं और उन्हे प्रतिदिन लाखों रुपए की आवश्यकता होती है, लेकिन बैंकों से व्यापारियों को कैश नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में व्यापारी किसानों को भुगतान कैसे कर पाएंगे।

जिले की कई बैंक शाखाएं ग्राहकों को एक बार में केवल 20 से 30 हजार रुपए तक ही नकद भुगतान कर रही हैं। इससे शादी-विवाह, कृषि कार्य और अन्य जरूरी खर्चों के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक किसान ने बताया कि उनके खाते में करीब ढाई लाख रुपए आए हैं, लेकिन तीन दिनों से बैंक के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें एक बार में केवल 30 हजार रुपए ही दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि घर में शादी है, ऐसे में खरीदारी और अन्य जरूरी खर्चों के लिए अधिक नकदी की आवश्यकता है। किसानों का कहना है कि गेहूं का भुगतान पहले ही देरी से मिला था। अब बैंक में नकदी की कमी बताकर उन्हें दूसरे बैंक खाते में राशि ट्रांसफर कराने की सलाह दी जा रही है। किसानों और



व्यापारियों का कहना है कि हमारा पैसा ही बैंकें हमें नहीं दे पा रही हैं। यह हमारे ऊपर दोहरी मार है। उपज बेचकर भी हमारे हाथ खाली रह गए हैं, पहले उपज विक्रय का भुगतान आने में देरी हुई, जैसे तैसे पैसा खाते में आया तो अब उसे निकलाने के लिए बैंकों के चक्कर काट रहे हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि जब किसानों को इतनी परेशानियां झेलना पड़ रही हैं। जिले का अन्नदाता ही इतना परेशान है तो आम जनता की क्या स्थिति हो रही होगी। इसका जिम्मेदार कौन है।